<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–23 अप्रैल 2025</u> **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- जम्मू कश्मीर के अनंतनाग जिले के पहलगाम इलाके में हुए आतंकी हमले में कानपुर के युवक समेत देश के कई राज्यों से पहुंचे पर्यटक हताहत हुए हैं, पूरे देश में सतर्कता बढ़ाई गई।
- संघ लोक सेवा आयोग ने सिविल सेवा परीक्षा दो हजार चौबीस के परिणाम घोषित किए, प्रयागराज की शक्ति दुबे ने पूरे देश में पहला स्थान हासिल किया है।
- प्रदेश सरकार इलेक्ट्रिक बसों की मदद से धार्मिक शहरों की यात्रा कराएगी, इसके लिए पांच चार्जिंग स्टेशन बनाए जा रहे हैं।
- लखनऊ के इकाना स्टेडियम में हुए आईपीएल मैच में डेल्ही कैपिटल्स ने लखनऊ सुपर जायंट्स को आठ विकेट से हरा दिया है।

**********

जम्मू–कश्मीर में कल दोपहर अनंतनाग जिले के पहलगाम इलाके में अज्ञात आतंकवादियों ने पर्यटकों के एक समूह पर हमला किया। इस हमले में कानपुर के एक युवक समेत देशभर के कई राज्यों से पहुंचे पर्यटकों के हताहत होने की खबर है। यह हमला श्रीनगर से करीब पचासी किलोमीटर दूर पहलगाम के बैसरन वन क्षेत्र में हुआ। जम्मू–कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा कि हताहतों की संख्या का पता लगाया जा रहा है और स्थिति स्पष्ट होने पर आधिकारिक तौर पर इसकी जानकारी दी जाएगी।

गृहमंत्री अमित शाह ने पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले के बाद कल श्रीनगर में स्थिति को लेकर समीक्षा बैठक की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फोन से हालात की जानकारी ली और सऊदी अरब की अपनी राजकीय यात्रा रोक कर देश के लिए रवाना हो गए।

पहलगाम में हुए आतंकी हमले की देश दुनिया के सभी बड़े नेताओं ने निंदा की है और दुख जताया है। इस हमले के बाद पूरे देश में हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है। प्रदेश के मथुरा जिले के प्रमुख मंदिरों समेत सभी तीर्थस्थलों पर सतर्कता बढ़ा दी गई है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले को कायरतापूर्ण, अक्षम्य और घोर निंदनीय बताया है। एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिये उन्होंने हमले में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों के प्रति शोक संवेदना व्यक्त की है।

**********

संघ लोक सेवा आयोग ने सिविल सेवा परीक्षा दो हजार चौबीस के अंतिम परिणाम कल घोषित कर दिए। प्रयागराज की शक्ति दुबे ने इस परीक्षा में पहला स्थान हासिल किया है, जबकि सहारनपुर की कोमल पुनिया ने छठवां और कन्नौज के रहने वाले मयंक त्रिपाठी ने दसवां स्थान प्राप्त किया है। शक्ति दुबे के पिता देवेन्द्र दुबे और उनकी मां ने आकाशवाणी से बातचीत में कहा कि उन्हें बेटी की कामयाबी पर गर्व है।

**मैं बहुत खुश हूँ। मेरी बेटी कक्षा एक  से लेकर के बारह तक एसएमसी घूरपुर ऐसी शिक्षा ग्रहण की। इसके बाद इलाहाबाद यूनिवर्सिटी से बी.एस.सी. टॉप की और गोल्ड मेडलिस्ट है और इसके बाद एम.एस.सी. बीएचयू से की। वहाँ भी गोल्ड मेडलिस्ट थी। इसके बाद लगन से पढ़ाई कर रही थी और करने का प्रतिफल है और मेहनत करके यहाँ तक पहुँची है। बहुत अच्छा लगा है।**

सिविल सेवा परीक्षा में मिर्जापुर में तैनात एसडीएम सौम्या मिश्रा ने अठरहवां स्थान प्राप्त किया है। जौनपुर के अभिषेक सिंह ने अठहत्तरवीं रैंक पायी है। हापुड़ के विवेक गर्ग ने एक सौ चौदहवीं और कुशीनगर के आकाश राय ने तीन सौ उन्तालिसवीं रैंक हासिल की है। पीलीभीत के यथार्थ दीक्षित ने चार सौ ग्यारहवां स्थान पाया है। आयोग ने नियुक्ति के लिए कुल एक हजार नौ उम्मीदवारों की सिफारिश की है, जिनमें सात सौ पचीस पुरुष और दो सौ चौरासी महिलाएँ शामिल हैं।

**********

उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य कल अयोध्या में संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ0 भीमराव आंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित एक गोष्ठी में शामिल हुए। इस अवसर पर श्री मौर्य ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बाबा साहब के एक–एक स्वप्न को साकार करने का काम कर रहे हैं।

इससे पहले, लखनऊ के भाजपा प्रदेश मुख्यालय में वक्फ सुधार जनजागरण अभियान की क्षेत्रीय कार्यशाला का भी कल उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने उदघाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने देश के मुसलमानों की भलाई के लिए एक ऐतिहासिक कदम उठाया है।

***तो इस देश के इतिहास में संसद के द्वारा लिए गए ऐतिहासिक फैसलों में से एक है। देश के नब्बे प्रतिशत मुसलमानों की भलाई के लिए है जो मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति करते थे वह भी सबका साथ सबका विकास की राजनीति करे रास्ता दिखाने वाला यह बिल है।***

**********

एक राष्ट्र एक चुनाव पर कल संयुक्त संसदीय समिति की बैठक संसद भवन में हुई। उन्तालिस सदस्यीय समिति में लोकसभा के सत्ताईस सदस्य और राज्यसभा के बारह सदस्य शामिल हैं। इस बीच, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने कहा कि एक देश एक चुनाव पूरे देश की आवश्यकता है।

**आजादी के समय से बावन सत्तावन बासठ सरसठ में एक देश एक चुनाव के तहत चुनाव हुए भी थे, लेकिन बाद में किन्हीं कारणों से अलग अलग चुनाव हो रहे हैं। उसके कारण आचार संहिता लगने के कारण समय बहुत बर्बाद होता है। बीच बीच में अलग अलग मतदाता सूची है। उनके पुनरीक्षण का काम चलता है। भारत ऐसा देश है जहां प्रतिवर्ष कोई न कोई चुनाव के कारण आचार संहिता लगती है तो बहुत अच्छी पहल है और मैं इस पहल का स्वागत करता हूं।**

केंद्र सरकार में वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी कल महराजगंज जिले में भारतीय जनता पार्टी द्वारा वन नेशन, वन इलेक्शन विषय पर आयोजित प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भारत जैसे विशाल और विविधताओं से भरे देश में बार–बार चुनाव कराना एक चुनौतीपूर्ण कार्य है।

**********

प्रदेश सरकार जल्द ही इलेक्ट्रिक बसों से धार्मिक शहरों की यात्रा कराएगी। प्रस्तुत है एक रिपोर्ट

**धर्मनगरी काशी, तीर्थराज प्रयागराज, रामलला की जन्मस्थली अयोध्या और सोनभद्र का सफर इलेक्ट्रिक एसी बसों से होगा। इसे देखते हुए सरकार वाराणसी और सोनभद्र में चार्जिंग स्टेशन बनवा रही है। सरकार की इस पहल से सुगम यात्रा के साथ ही पर्यावरण को भी प्रदूषण से बचाया जा सकेगा। उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के क्षेत्रीय प्रबंधक परशुराम पांडेय ने बताया है कि प्रयागराज रीजन और अयोध्या रीजन से वाराणसी और सोनभद्र के लिए इलेक्ट्रिक बसों का संचालन प्रस्तावित है। इसके लिए पांच चार्जिंग स्टेशन बनाये जा रहे है। समाचार कक्ष से विवेक सिंह।**

**********

भारी बारिश और तूफ़ान जनित जलजमाव की स्थिति से निपटने के लिए प्रदेश के दस प्रमुख शहरों में विस्तृत ड्रेनेज एक्शन प्लान के निर्माण की तैयारी शुरू कर दी गई है। लखनऊ, कानपुर, बरेली, शाहजहांपुर, वाराणसी, प्रयागराज, मुरादाबाद, झांसी, गाजियाबाद और मेरठ में इस एक्शन प्लान के निर्माण की प्रक्रिया जल्द शुरू होने वाली है तथा प्रदेश के अन्य शहरों में भी इस प्रक्रिया को जल्द पूरा करने की तैयारी है।

**********

केंद्र सरकार में राज्य मंत्री एसपी सिंह बघेल ने कल मेरठ जिले के मेरठ कॉलेज में वार्षिक पुरस्कार वितरण और सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि हिस्सा लिया। उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले छात्र–छात्राओं को सम्मानित किया।

इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री श्री बघेल ने कहा कि शिक्षा और चिकित्सा समान होनी चाहिए। इनमें कोई भेदभाव नहीं होनी चाहिए। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा नई शिक्षा नीति के जरिए किए गए बड़े बदलावों के बारे में भी चर्चा की।

**मोदी जी ने न्यू एजुकेशन पॉलिसी में उन तमाम खामियों को पूरा करने का प्रयास किया है कि शिक्षा गुणवत्तापूर्वक हो और रोजगार पूर्वक हो और व्यक्तित्व निर्माण में उसका योगदान है।**

**********

प्रदेश के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह कल दो दिवसीय दौरे पर महोबा पहुंचे। इस दौरान जलशक्ति मंत्री ने अर्जुन बांध परियोजना और जल जीवन मिशन के अंतर्गत सलैया–नाथूपुरा ग्राम समूह पेयजल योजना के इंटेक वेल का निरीक्षण किया। इस अवसर पर जलशक्ति मंत्री ने कहा कि बुंदेलखंड के लिए केन–बेतवा लिंक परियोजना वरदान साबित होगी। पहले जहां ट्रेन से पानी आता था, वहां अब हर गांव में नलों से पानी पहुंच रहा है।

**********

आईपीएल के तहत कल लखनऊ के इकाना स्टेडियम में खेले गए मैच में डेल्ही कैपिटल्स ने लखनऊ सुपर जायंट्स को आठ विकेट से पराजित कर दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए लखनऊ सुपर जायंट्स ने एडेन मार्करम के अर्धशतक बावन रनों के दम पर एक सौ उन्सठ रन बनाए, जवाब में दिल्ली ने दो विकेट के नुकसान पर एक सौ इक्सठ रन बनाकर मैच जीत लिया। दिल्ली के लिए केएल राहुल ने नाबाद सत्तावन, जबकि पोरेल ने इक्यावन रनों की पारी खेली।

**********

कैलाश मानसरोवर यात्रा कोविड के चार वर्ष बाद तीस जून से फिर शुरू होने जा रही है। यह यात्रा दिल्ली से शुरू होकर चीन में प्रवेश करने के लिए पिथौरागढ के लिपुलेख दर्रे से होकर आगे बढेगी। बाईस दिन की इस श्रमसाध्य आध्यात्मिक यात्रा पर कुल दो सौ पचास तीर्थयात्री जाएंगे।

**********